**डा. संजय सिंह :** महोदय मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

**The Drugs (Price Control) Bill, 2014**

**डा. संजय सिंह** (असम) **:** महोदय मैं प्रस्ताव करता हूं कि औषधियों के मूल्य को नियत करने के लिए समिति के गठन तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

**डा. संजय सिंह :** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

**The Girl Child and Adolescent Girls (Protection from Malnutrition, Anaemia Diseases and Welfare) Bill, 2014**

**श्री अहमद पटेल** (गुजरात) **:** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि बालिका और किशोरियों को कुपोषण, रक्ताल्पता और गुजरात एवं देश के अन्य भागों में उन्हें रोगग्रस्त करने वाले विभिन्न रोगों से बचाने के लिए केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों द्वारा संरक्षण एवं अन्य उपाय किए जाने तथा फोलिक एसिड एवं मल्टी विटामिन गोलियों युक्त पोषक भोजन, सामयिक स्वास्थ्य जांच और निःशुल्क औषध के लिए विशेष प्रावधान करने और बालिकाओं और किशोरियों के लिए राज्य द्वारा किए जाने वाले कतिपय कल्याणकारी उपाय किए जाने तथा तत्संसक्त और उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

**श्री अहमद पटेल :** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

**The Farmers of Arid and Desert Areas (Welfare and Other Special Provisions) Bill, 2014**

**श्री अहमद पटेल** (गुजरात) **:** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि फसलों, पशुधन इत्यादि को नुकसान पहुंचाने वाली प्राकृतिक आपदाओं से अक्सर प्रभावित होने वाले शुष्क, मरुस्थलीय और सूखा प्रवण क्षेत्रों के किसानों, जो ऋणग्रस्तता, बीमारी और शारीरिक दुर्बलता से ग्रस्त रहते हैं, साहूकारों और अन्यों के शोषण का शिकार हो जाते हैं, के लिए केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए कल्याण उपायों को करने, कल्याण निधि की स्थापना करने, ऋणग्रस्तता से मुक्ति दिलाने, उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य दिलाने, बैंकों से सुलभ ऋण दिलाने, पानी की कम खपत करने वाली फसलों की वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती के तरीकों में सुधार लाने, फसल और पशुधन के अनिवार्य बीमा और अन्य ऐसे उपायों के साथ सुरक्षात्मक उपायों और विशेष सुविधाओं तथा तत्संसक्त एवं आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*